ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 03 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 352

पेटीएम, गूगलपे और फोनपे से निकलेंगे PF के पैसे, जल्द लॉन्च होगी सुविधा



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) के ग्राहकों के लिए अब पैसे निकालना आसान होने जा रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक EPFO एक ऐसी सुविधा शुरू करने पर काम कर रहा है, जिसमें यूजर्स पेटीएम, गूगलपे, फोनपे आदि जैसे UPI प्लेटफॉर्म के जरिए अपने कर्मचारी भविष्य निधि क्लेम को विड्रॉल कर सकते हैं.

इस पहल का उद्देश्य फंड ट्रांसफर प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना, ग्राहकों के लिए इसकी एफिशियंसी और गति को बढ़ाना है, ताकि वित्तीय कठिनाइयों के समय कर्मचारियों को PF जल्दी मिल सके. वर्तमान में विड्रॉल बैंक ट्रांसफर के माध्यम से की जाती है, जिसमें कई दिन लगते हैं.

EPFO भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के साथ इसके कार्यान्वयन डिटेल को अंतिम रूप दे रहा है. फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आगामी UPI इंटिग्रेशन के जरिए सदस्य की एसोसिएट UPI ID पर पैसा जल्दी से भेजा जाएगा. योजना के खाके के साथ, EPFO आगामी 2-3 महीनों में इस नई सुविधा को लॉन्च करने की उम्मीद कर रहा है.

रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक ईपीएफओ ने 7.4 करोड़ से अधिक ग्राहकों के 50 मिलियन से अधिक क्लेम का निपटारा किया है, जिससे 2.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई है.

एटीएम से कर सकेंगे पैसे विड्रॉल

बता दें अभी कुछ समय पहले यह भी खबर आई थी कि ईपीएफओ एटीएम से पीएफ अमाउंट विड्रॉल पर काम कर रहा है. यह नए फाइनेंशियल ईयर से रोलआउट किया जा सकता है. इसके लिए श्रम और रोजगार मंत्रालय अपने IT सिस्टम को अपग्रेड कर रहा है. इस सुविधा के आने के बाद कर्मचारी, लाभार्थी और नॉमिनी अपने पीएफ का पैसा एटीएम से निकाल सकेंगे. शुरुआत में कुल पीएफ बैलेंस का 50% ही निकालने की अनुमति होगी.

ईपीएफओ का निकासी नियम

ईपीएफओ के नियमों के अनुसार नौकरी करते हुए सदस्य पूर्ण रूप से निकासी नहीं कर सकते. अगर कोई व्यक्ति एक महीने से बेरोजगार है तब वह 75 फीसदी पैसा विड्रॉल कर सकता है. दो महीने तक बेरोजगार होने पर पीएफ फंड से पूरा पैसा निकाल सकते हैं.

दिल्ली CM बोलीं- बजट सत्र 24-26 मार्च के बीच होगाःसुझाव के लिए मेल और वॉट्सऐप नंबर जारी किए, कहा- हम हर वादे पूरे करेंगे



दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है।

रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं। इसके लिए हमनें दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। हमारे सभी मंत्री और विधायक भी लोगों से मिलेंगे और दिल्ली की बेहतरी के लिए लोगों से जरूरी सुझाव लेंगे। CM ने कहा कि सरकार छुट्टियों में भी काम कर रही है। सचिवालय में शनिवार और रविवार को भी अफसर काम कर रहे हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहती हूं कि हमनें जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे। बजट के सुझाव के लिए उन्होंने ईमेल आईडी- viksit-delhibudget-25@delhi.gov.in और वॉट्सऐप नंबर 9999962025 जारी किए।

सत्र के आखिरी दिन CAG रिपोर्ट पर हंगामा

दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सोमवार को CAG की पेश दो रिपोर्ट- शराब नीति और हेल्थ पर चर्चा हो रही है। सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 25 और 28 फरवरी को दिल्ली CM रेखा गुप्ता ने विधानसभा में दोनों की रिपोर्ट रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2002 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिसी में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे, जिन्हें तब के डिप्टी CM मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज किया। 28 फरवरी को गुप्ता ने हेल्थ पर CAG की दूसरी रिपोर्ट पेश की। 7 पन्नों की रिपोर्ट में बताया गया कि दिल्ली में हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी है। नर्स और डॉक्टर्स की संख्या पर्याप्त नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य प्रोग्राम में फंडिंग की कमी है। एम्बुलेंस में जरूरी उपकरण नहीं हैं। ICUs की कमी है।

येवले बने RUHS के नए कुलपति



24 न्यूज अपडेट

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आज एक आदेश जारी करके राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ एंड साइंसेज (RUHS) के कुलपति की नियुक्ति की है। महाराष्ट्रा से इंटरव्यू देने आए डॉ. प्रमोद येवले को RUHS का नया कुलपति बनाया है। करीब एक माह पहले कुलपति के लिए इंटरव्यू हुए थे, जिसके बाद से ये रिजल्ट रूका हुआ था। कार्यवाहक कुलपति डॉ. धनंजय अग्रवाल को इंटरव्यू के लिए गठित कमेटी ने अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके बाद से लगातार विरोध शुरू हो गया था। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राजस्थान ब्रांच ने एक पत्र राज्यपाल को लिखकर डॉ. येवले को कुलपति नहीं बनाने की मांग करते हुए बाहरी का विरोध जताया था।

वीसी करेंगे प्रिंसिपल के अधीन काम

अब कार्यवाहक वीसी डॉ. धनंजय अग्रवाल वापस से एसएमएस मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के तौर पर प्रिंसिपल के अधीन काम करेंगे। डॉ. अग्रवाल अभी नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर है, जिनको सरकार ने करीब 9 माह पहले कार्यवाहक वीसी का चार्ज दिया था। आपको बता दें डॉ. येवले महाराष्ट्र में सीनियर फार्मासिस्ट रह चुके हैं और महाराष्ट्र की डॉ. बाबासाहेब अम्बेडक यूनिवर्सिटी के कुलपति भी रह चुके है।

राम मंदिर पर ग्रेनेड अटैक की साजिशःहरियाणा-गुजरात पुलिस ने ISI आतंकी पकड़ा; अयोध्या का रहने वाला, दिल्ली के हैंडलर के टच में था



हरियाणा में फरीदाबाद से पकड़ा गया आतंकी अब्दुल रहमान (19) अयोध्या स्थित राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की साजिश को अंजाम देने वाला था। वह फैजाबाद से फरीदाबाद हैंड ग्रेनेड लेने ही आया था। वापस लौटकर उसे अटैक करना था। ये सारा काम वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI के इशारे पर कर रहा था। हैंड ग्रेनेड भी इसे ISI के हैंडलर ने ही दिए थे। फरीदाबाद में वह नाम बदलकर छुपा हुआ था।

हालांकि इससे पहले ही रविवार शाम को DIG सुनील जोशी और DSP एसएल चौधरी की अगुआई में गुजरात ATS और फरीदाबाद STF की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) का इनपुट भी उनके काम आया। जब उसे पकड़ा गया तो उसके पास 2 हैंड ग्रेनेड भी थे। जिन्हें डिफ्यूज कर दिया गया। पकड़ा गया अब्दुल रहमान उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर, जिला फैजाबाद (अयोध्या) का रहने वाला है। वह वहां मटन शॉप चलाता है।

गुजरात ATS ने भी कन्फर्म किया कि वह राम मंदिर से 10KM दूर रहता था। उसके घर में रेड कर कई संदिग्ध चीजें बरामद की गई हैं। उससे ट्रेन की टिकट भी मिली है। वह दिल्ली में किसी के संपर्क में था।

राम मंदिर की रेकी भी कर चुका था

राम मंदिर निर्माण के बाद से ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी भारत में उसे निशाना बनाकर बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की साजिश रच रही है। इसी काम के लिए अब्दुल रहमान को चुना गया था। गुजरात ATS के मुताबिक उसने एक बार राम मंदिर की रेकी भी की थी। वह हैंड ग्रेनेड की डिलीवरी लेने के लिए ही फैजाबाद से फरीदाबाद आया था। वह साजिश को अंजाम दे पाता, इससे पहले ही पकड़ा गया। सुरक्षा एजेंसियों को पूछताछ के बाद पता चला कि अब्दुल रहमान ISI के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस (ISKP) मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था।

ATS को गुजरात में एक्टिव आतंकी संगठन से इनपुट मिला

गुजरात ATS के मुताबिक अहमदाबाद में फिर से एक बार आतंकवादी संगठन सक्रिय हुआ है, जो दहशत फैला रहा है। इसी की जांच के दौरान उन्हें हरियाणा में 2 आतंकियों की जानकारी मिली थी। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि इसमें अब्दुल रहमान भी शामिल है। जो सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन से जुड़ा। इसके बाद गुजरात ATS ने हरियाणा पुलिस से संपर्क किया। उनके साथ फरीदाबाद से स्पेशल टास्क फोर्स की टीम को अटैच किया गया।

उमर अब्दुल्ला बोले- भाजपा से गठबंधन का सवाल ही नहीं



24 न्यूज अपडेट

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) के बीच गठबंधन की संभावनाओं से इनकार किया। उन्होंने कहा- भाजपा के साथ गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता।

मारी राजनीतिक विचारधारा और प्राथमिकताएं बिल्कुल अलग हैं, विशेषकर जम्मू-कश्मीर को लेकर। साझेदारी की न कोई संभावना है और न ही जरूरत।


विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पहुंचे अब्दुल्ला ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। दरअसल भाजपा विधायक आरएस पठानिया ने जम्मू-कश्मीर गठबंधन के संकेत दिए थे।

उन्होंने कहा था कि हम जम्मू-कश्मीर के हितों और विकास के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। भविष्य में समय सब बताएगा।

गठबंधन के बावजूद कांग्रेस सरकार में नहीं

90 सीटों की विधानसभा में NC के 42 और कांग्रेस के 6 विधायक हैं। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हैं। चुनाव के नतीजे आने के बाद चार निर्दलीय विधायकों ने NC को समर्थन का ऐलान किया था। इसके बाद उमर ने कहा था कि अब हमारी संख्या 46 हो गई है। इसके बाद कांग्रेस ने सरकार में शामिल न होकर बाहर से समर्थन देने का फैसला किया था।

स्टूडेंट्स को स्कूल में स्मार्टफोन लाने से नहीं रोक सकतेःदिल्ली HC ने कहा- गाइडलाइन फॉलो करें, पॉलिसी बनाएं; ऑर्डर कॉपी शिक्षा निदेशालय भेजी गई



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि स्कूलों में स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने बैन नहीं लगा सकते हैं। लेकिन स्कूल स्मार्टफोन को लेकर पॉलिसी बनाए और उसकी निगरानी करे। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने स्टूडेंट्स के स्मार्टफोन ले जाने पर नियम तय किए।

जज अनूप जयराम भंभानी ने कहा- वर्तमान में एजुकेशन के लिए टेक्नोलॉजी जरूरी हिस्सा बन गई है। स्मार्टफोन पर पूरी तरह से पाबंदी लगाना सही नहीं है। स्मार्टफोन से बच्चे अपने माता-पिता से जुड़े रहते हैं, जिससे उनकी सुरक्षा भी बनी रहती है।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि स्कूलों में स्मार्टफोन यूज के नियमों को तोड़ने पर सजा तय हो, लेकिन यह बहुत सख्त भी नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने सुझाव दिया कि स्कूल जरूरत पड़ने पर सजा के तौर पर स्मार्टफोन जब्त कर सकते हैं।

दरअसल, केंद्रीय विद्यालय के एक स्टूडेंट की ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें स्कूल में स्मार्टफोन बैन लगाने की मांग की गई है। कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

पेटीएम को मिला 611 करोड़ रुपये का नोटिस, नहीं दी थी अहम जानकारी



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने विभिन्न मामलों में फेमा के नियमों के 'उल्लंघन' के लिए पेटीएम की मूल कंपनी और उससे जुड़ी इकाइयों को 611 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस जारी किया है. यह नोटिस न्यायिक कार्यवाही शुरू होने से पहले जांच एजेंसी के एक विशेष निदेशक ने जारी किया है. प्रवर्तन निदेशालय ने बयान में कहा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के लगभग 611 करोड़ रुपये के उल्लंघन के लिए पेटीएम की प्रमुख कंपनी वन 97 कम्युनिकेशन लि. (ओसीएल), इसके प्रबंध निदेशक और लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लि. और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. जैसी पेटीएम की अन्य अनुषंगी कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है.

जांच में पाया गया कि वन 97 कम्युनिकेशन लि. ने सिंगापुर में विदेशी निवेश किया और अनुषंगी की वैश्विक अनुषंगी के गठन के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आवश्यक सूचना नहीं दी. इसमें आरोप लगाया गया कि वन 97 कम्युनिकेशन ने आरबीआई के निर्धारित उचित मूल्य निर्धारण दिशानिर्देशों का 'पालन किये बिना' विदेशी निवेशकों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) भी प्राप्त किया था.

अन्य अनुषंगी कंपनी... नियरबाय इंडिया प्राइवेट लि. ने आरबीआई की समयसीमा के भीतर कंपनी द्वारा प्राप्त एफडीआई के बारे में जानकारी नहीं दी. पेटीएम ने पिछले शनिवार शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि उसे कंपनी और उसकी दो अनुषंगी कंपनियों... लिटिल इंटरनेट और नियरबाय... के कुछ निवेश लेनदेन के संबंध में फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए ईडी से नोटिस मिला है. बाद में, पेटीएम ने स्पष्ट किया कि कथित उल्लंघन उस अवधि से संबंधित है जब दोनों कंपनियां उसकी अनुषंगी कंपनियां नहीं थीं. इसने 2017 में दोनों कंपनियों का अधिग्रहण किया था.

मार्च-अप्रैल की गर्मी से घट सकती है गेहूं की उपजःपंजाब, हरियाणा और UP पर ज्यादा असर, बीते 4 साल से बढ़ रहे गेहूं के दाम



24 न्यूज अपडेट

गेहूं की कीमत इस साल भी हाई बनी रह सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक मार्च से मई तक गर्मियों में सामान्य से ज्यादा तापमान रहने की आशंका है। जिसके चलते गेहूं की उपज कम हो सकती है। पिछले चार साल से गेहूं के दाम बढ़ते रहने का एक बड़ा कारण खराब मौसम भी भी है।

इस साल का फरवरी 125 साल में सबसे गर्म रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि मार्च से अप्रैल तक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से ज्यादा गर्मी रहने वाली है। मार्च में गर्म हवाओं की संख्या भी बढ़ने की उम्मीद है। ये हवाएं गेहूं के दाने बनने के प्रोसेस के लिए महत्वपूर्ण है।

मार्च में सेंट्रल एशिया में सामान्य से ज्यादा गर्मी

IMD ने गर्मी के लिए अपने पूर्वानुमान में कहा, 'मार्च 2025 के दौरान सेंट्रल इंडिया के अधिकांश भागों और दक्षिण के भागों में सामान्य से अधिक गर्मी की लहरें चलने की संभावना है।' गेहूं एक सर्दियों की फसल है जिसे वर्ष में केवल एक बार उगाया जा सकता है और जो देश के लगभग आधे हिस्से के लिए भोजन का मुख्य स्रोत है, इस तरह उच्च तापमान को सहन नहीं कर सकता है।

पंजाब, हरियाणा और UP में गर्मी का असर ज्यादा

गेहूं उत्पादन संवर्धन सोसाइटी (APPS) के चेयरमैन अजय गोयल ने कहा, 'पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में गर्मी का असर ज्यादा होगा। यहां गेहूं के दाने मिल्किंग स्टेज में जाएंगे और और उनका आकार बढ़ने लगेगा।'

अजय गोयल ने कहा, 'उच्च तापमान के कारण अनाज सिकुड़ जाएगा, जिससे प्रत्येक दाने का वजन कम होगा। जिसके चलते गेहूं की फसल की कुल उपज कम हो जाएगी।' पिछले चार साल में गेहूं के प्रोडक्शन में लगातार गिरावट के कारण सरकार के पास गेहूं का स्टॉक कम हो गया है।

संपादकीय : चिंता की दर

एक तरफ देश की आर्थिक वृद्धि दर के ताजा आंकड़े, तो दूसरी ओर शेयर बाजार में भारी उथल-पुथल से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर चिंता की लहरें साफ देखी जा सकती हैं। हालांकि वृद्धि दर को लेकर आर्थिक विशेषज्ञों की ओर से जो अनुमान जाहिर किए गए थे, उसमें ज्यादा फासला नहीं है, फिर भी इसकी निम्न दर ने अर्थव्यवस्था के मामले में सरकार के अक्सर किए जाने वाले दावों को आईना दिखाया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर घट कर 6.2 फीसद रह गई। चिंता का मुद्दा यह भी है कि कृषि को छोड़ कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों में प्रदर्शन खराब रहा। दरअसल, इसी वजह से आर्थिक वृद्धि दर में भी सुरती आई है। यों इस बात पर राहत महसूस की जा रही है कि चूंकि पिछली तिमाही यानी जुलाई-सितंबर 2024 में वृद्धि दर 5.6 फीसद रही थी, इसलिए उसके बाद वाली तिमाही के आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था के रफ्तार पकड़ने के सूचक हैं। मगर सुधार का आकलन समूचे वित्त वर्ष के आंकड़े के आधार पर ही किया जा सकता है। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की वृद्धि दर 9.5 फीसद बताई गई थी। यानी पिछले वर्ष की समान तिमाही में एक साल के भीतर इतना बड़ा फासला यह बताने के लिए काफी है कि देश की अर्थव्यवस्था की दशा और दिशा में सुधार के लिए अभी बहुत ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। एनएसओ के ताजा आंकड़े आने से पहले चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का दूसरा अनुमान जारी करते हुए इसके 6.5 फीसद रहने का अनुमान जताया गया था। इस लिहाज से देखें तो वृद्धि दर कमोबेश आसपास रही। मगर इसके समांतर खनन और उत्पादन के क्षेत्र में वृद्धि दर तीसरी तिमाही में एक वर्ष पहले के 4.7 फीसद से घट कर 1.4 फीसद रह गई। इसके अलावा, निर्माण क्षेत्र, सेवा क्षेत्र, व्यापार, होटल, परिवहन, वित्तीय, जमीन-जायदाद कारोबार पेशेवर सेवाएं, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में भी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई। यों इस तिमाही में कृषि क्षेत्र में उत्पादन 5.6 फीसद बढ़ने को राहत के तौर पर देखा जा सकता है। अफसोस की बात यह है कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर कई तरह की जटिलताओं के अनुमान पहले से मौजूद रहने के बावजूद सरकार उससे पार पाने के वैकल्पिक इंतजामों पर गैर करने की पर्याप्त कोशिश नहीं करती है। अगर अक्टूबर- दिसंबर के त्वेहारी मौसम में भी वृद्धि दर संतोषजनक नहीं रहे तो इससे यही पता चलता है कि आर्थिक विकास के संदर्भ में सरकार के दावे चाहे जो रहे हों, मगर जमीनी स्तर पर चिंता को कम करने की कोशिशें आधी-अधूरी हैं। दूसरी ओर, वस्तुओं पर शुल्क लगाए जाने के मसले पर अमेरिका की नई नीतियों की घोषणा के बाद व्यापार युद्ध की आशंका के बीच दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। इसके दबाव में भारत के घरेलू शेयर बाजार का मानक सूचकांक 1414 और निफ्टी 420 अंक टूट गया। इस तेज गिरावट से निवेशकों को नौ लाख करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। स्वाभाविक ही आर्थिक वृद्धि दर के ताजा आंकड़े को शेयर बाजार में गिरावट से जोड़ कर देखा जा रहा है दुनिया फिलहाल जिस आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, उसमें भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए पूर्व तैयारी करने की जरूरत है।

संवाद के समांतर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके यूक्रेनी समकक्ष वोलदिमिर जेलेरकी के बीच वाइट हाउस में हुई तीखी बहस से पूरी दुनिया हतप्रभ है। दोनों नेताओं के बीच कटु वार्तालाप का संदेश दूर तक गया है। दरअसल, वैश्विक कूटनीति में इस घटना को अप्रत्यशित माना जा रहा है। दो राष्ट्र प्रमुखों के बीच इस तरह की तल्खी और अनावश्यक बहस को दुखद ही कहा जाएगा। जेलेंस्की की इस बात के लिए प्रशंसा की जानी चाहिए कि वे बातचीत के दौरान अपने तर्क रखते हुए सहज रहे और उनका हौसला कायम रहा। अपने दूसरे कार्यकाल में डोनाल्ड ट्रंप 'अमेरिका प्रथम' की नीति को आगे रखते हुए सहयोगी देशों के साथ जिस तरह का आक्रामक रवैया अख्तियार किए हुए हैं, वह हैरानी भरा है । जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह अंतरराष्ट्रीय कूटनीति औ राजनय शिष्टाचार को दरकिनार किया गया। इससे दोनों देशों के बीच संबंध बिगड़ेंगे और रूस- यूक्रेन के बीच युद्धविराम की संभावनाएं भी क्षीण हो सकती है। वहीं अब यूक्रेन के समर्थन में खड़े यूरोप और अमेरिका के बीच एक खाई पैदा होने का अंदेशा है। जिस दौर में रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की कोशिशें चल रही हैं और उसके लिए अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप अपनी प्रतिबद्धता जाहिर कर रहे हैं, उसमें इस तरह की अप्रिय स्थितियां पैदा होना निराशाजनक है। इसे अमेरिका ने जहां अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है, तो यूक्रेन ने अपने स्वाभिमान से । रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की दिशा में अगर अमेरिका स्वयं को मध्यस्थ मानता है, तो उसे यूक्रेन पर दबाव बनाने से पहले उसे भरोसे में लेना चाहिए था। मगर बातचीत में ट्रंप यह बताते दिखे कि अमेरिका ने बुद्ध के दौरान यूक्रेन पर कितना खर्च किया है सुरक्षा गारंटी दिए बिना वे यूक्रेन के रूस से समझौता कर लेने की जिद पर अड़े रहे। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जिस खनिज समझौते के लिए गए थे, वह भी अधूरा रह गया। युद्ध रोकने के लिए भारत समेत कई देश कूटनीतिक हल तलाशने में जुटे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि शांति की राह निकल आएगी।

खाउंगा, खाने भी दूंगा : यूडीए जमीन कांड में गिरा एक और विकेट, नाथद्वारा मंदिर मंडल के सीईओ राजेश जोशी सस्पेंड



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर. उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) में 530 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई जारी है। इसी के तहत नाथद्वारा मंदिर मंडल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) एवं आरएएस अधिकारी राजेश जोशी को निलंबित कर दिया गया है। राजस्थान सरकार के कार्मिक विभाग के शासन उप सचिव, मुकेश कुमार मीणा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राजेश जोशी के खिलाफ विभागीय जांच लंबित है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जयपुर के कार्मिक विभाग में रहेगा। इससे पहले, 26 फरवरी 2025 को तत्कालीन UIT सचिव नितेंद्र पाल सिंह को भी निलंबित किया गया था। वे 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। दोनों अधिकारियों पर UIT (अब UDA) में 530 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताओं का आरोप है।

घोटाले का खुलासा कैसे हुआ?

2022 से 2024 के ऑडिट, तथ्यात्मक रिपोर्ट और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर UDA में बड़े घोटाले की जानकारी सामने आई। इसमें नियमों के विरुद्ध कई योजनाओं को मंजूरी दी गई और सरकार को भारी राजस्व हानि हुई। इस मामले को लेकर उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर जांच और कार्रवाई की मांग की थी।

UIT से UDA: भ्रष्टाचार का केंद्र?

पहले उदयपुर नगर विकास ट्रस्ट (UIT) के नाम से जाना जाने वाला यह विभाग अब उदयपुर विकास प्राधिकरण (UDA) बन चुका है, लेकिन वित्तीय गड़बड़ियों का सिलसिला जारी है। सरकार द्वारा UDA घोटाले पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। दो वरिष्ठ अधिकारियों के निलंबन के बाद, अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि आगे और किन अधिकारियों पर गाज गिरती है और सरकार इस मामले में और क्या कदम उठाती है।

ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा महिला को धर्म की बहन मानने वाले ने गहनों को लूटने के लिए की थी हत्या



24 न्यूज अपडेट

दो दिन पहले चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर स्थित हाज्या खेड़ी पुलिया में हुए ब्लाइंड मर्डर का पुलिस ने खुलासा किया है। महिला के पहने हुए सोने के गहनों के लिए यह हत्या की गई थी। इस मामले में पुलिस ने महिला के पड़ोस के ही गांव में रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मृतका को धर्म की बहन बना रखा था और दोनों गाय, भैंस खरीदने-बेचने का बिजनेस भी साथ में किया करते थे। महिला ने आरोपी को काफी रुपए भी उधारी में दे रखी थी। उसी कर्ज को चुकाने के लिए आरोपी ने महिला के गहने लूटने की प्लानिंग पहले से ही कर ली थी। इस मामले को भदेसर पुलिस और साइबर सेल पुलिस ने मिलकर सुलझाया।

मृतका के कॉल डिटेल ने किया खुलासा

27 फरवरी को भदेसर थाना क्षेत्र के हाज्या खेड़ी पुलिया पर देर रात को एक महिला की लाश मिली थी। महिला की पहचान उदयपुर जिले के वल्लभनगर थाना क्षेत्र के रुंदेड़ा निवासी मीना पत्नी हुक्मी चंद मेनारिया के रूप में हुई। मौके पर भदेसर पुलिस के साथ साइबर टीम भी पहुंची। तकनीकी मदद से एक्टिव मोबाइल फोन की डिटेल और मृतका के कॉल डिटेल निकाली गई। कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। मृतका की आखिरी बात आरोपी के साथ ही हुई थी। आरोपी तक पहुंचने का मुख्य पहलू कॉल डिटेल ही बना। उसके आधार पर मृतका के पास के गांव वाना निवासी रमेश चंद्र (38) पुत्र बाबू लाल गाड़िया लोहार के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से डिटेन कर पूछताछ की तो उसने जल्दी ही सारा सच बता दिया।

उदयपुर में लेपर्ड ने 7साल के मासूम को दबोचा:जबड़े में पकड़कर ले जाने लगा, बच्चा चीखा तो छोड़कर भागा



24 न्यूज अपडेट

माता-पिता के साथ सो रहे बच्चे को लेपर्ड ने दबोच लिया। उसे मुंह से पकड़कर घसीट कर ले जाने लगा। बच्चा चीखा तो परिजन उठ गए। ऐसे में लेपर्ड बच्चे को छोड़कर झाड़ियों में भाग गया। इधर, वन-विभाग का कहना है कि बच्चे लेपर्ड की पुष्टि के लिए वे उसके पगमार्क की तलाश में हैं। लेपर्ड हुआ तो इलाके में पिंजरा लगाया जाएगा।

मामला उदयपुर झाड़ोल क्षेत्र के नयनबारा जंगल के आंबाफला का सुबह 4 बजे का है। बच्चे का इलाज झाड़ोल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में किया जा रहा है। बच्चे को ले जा रहा था लेपर्ड

बच्चे के पिता ईश्वर ने बताया कि सुबह 4 बजे सभी लोग सो रहे थे। इस दौरान उनका बेटा नरेंद्र भी पास में ही आंगन में सोया था। रात को लेपर्ड दबे पांव घर में दाखिल हुआ और बच्चे पर हमला बोल दिया। इसके बाद उसे मुंह से पकड़कर उठा कर ले जाने लगा। जैसे ही नरेंद्र ने शोर मचाया। हम सभी जाग गए, शोर मचते ही लेपर्ड बच्चे को छोड़कर भाग गया। पिता ने बताया कि नरेंद्र के कान, गाल और आंख के आसपास चोट आई है।

युवक पर जानलेवा हमले के 3 आरोपी गिरफ्तार:मामूली कहासुनी पर किया था चाकू से वार, डिटेल पूछताछ में जुटी पुलिस



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा के पीएनटी चौराहे पर एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले का प्रताप नगर थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रताप नगर थाना प्रभारी सुरजीत ने बताया- 24 जनवरी को पटेल नगर में रहने वाले चांद खां कायमखानी ने एक रिपोर्ट दी थी। जिसमें उसने बताया कि 24 जनवरी को उसका बेटा इरशाद, बाबू उर्फ विश्वजीत सिंह, लोकेश, अक्षत, भारत स्कूल के पास बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान लोकेश और बाबू की कहासुनी हो गई, उस समय दोनों वहां से चले गए। इसके बाद रात करीब 11:30 बजे के आसपास गली के बाहर एक कैफे पर आए और बातचीत के दौरान दोनों आपस में झगड़ने लगे। इनको झगड़ते देख इरशाद इन्हें छुड़ाने लगा तो भारत ने जेब से चाकू निकाल कर हमला कर दिया। जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई। इसके साथ लोकेश,कमल और सूरज भी थे। इस पर पुलिस ने एक रिपोर्ट दर्ज कर और जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस ने एक टीम का गठन किया। इस टीम ने मुखबिरों की हेल्प और लोकल पुलिसिंग की मदद से इन तीनों को पुर बाइपास से डिटेन किया।इनसे डिटेल पूछताछ की जा रही है और वारदात के काम में लिया चाकू और बाइक बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इनको किया गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में लोकेश (24) पुत्र हीरालाल बलाई निवासी खेड़ाखूंट माताजी जवाहर नगर भीलवाड़ा, कमलेश सिंह (26) पिता मिठू सिंह रावत निवासी रायपुर , भारत (28) पुत्र देवकरण शिवहरे निवासी बापू नगर को गिरफ्तार किया।

ये थे टीम में शामिल- अपराधियों को पकड़ने गई टीम में प्रतापनगर थाना प्रभारी सुरजीत, ठोलिया,एएसआई उदय लाल, हेड कॉन्स्टेबल सुनील, कॉन्स्टेबल नरेश ,हरि सिंह ,सुरेश कुमार और महेश कुमार शामिल रहे।

रेस्टोरेंट में खड़े युवक को आया हार्टअटैक:खाना खाने गया था ASI का इकलौता बेटा, बिल चुकाते समय अचानक काउंटर पर गिरा



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद में रेस्टोरेंट में खाना खाने गए एक 27 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक खाना खाने के बाद बिल चुका रहा था, तभी अचानक नीचे गिर गया। जैसे ही वह नीचे गिरा तो वहां मौजूद रेस्टोरेंट कर्मी और खाना खा रहे दूसरे लोग घबरा गए। लोगों ने युवक को लेकर सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना 1 मार्च को रात करीब 8:30 बजे की बताई जा रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है।

पिता राजसमंद थाने में एएसआई

सचिन गारू राजसमंद नगर परिषद में सफाई कर्मचारी था। उसके पिता सुरेश चंद्र राजसमंद में ट्रैफिक पुलिस में एएसआई पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि सचिन 1 मार्च की रात को टीवीएस चौराहे पर स्थित केलवा रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था। खाना खाने के बाद वह काउंटर पर बिल चुकाने आया था। यहां उसने सौंफ खाई और रेस्टोरेंट कर्मी से बिल लिया, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसने अपना हाथ कैश काउंटर की टेबल पर रखा और कुछ ही देर में नीचे गिर गया।

सचिन के गिरते ही रेस्टोरेंट कर्मी घबरा गया

जैसे ही सचिन नीचे गिरा तो वहां मौजूद रेस्टोरेंट कर्मी भी घबरा गया। रेस्टोरेंट में खाना खा रहे दूसरे लोग भी काउंटर के पास पहुंचे और युवक को उठाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं उठा। इसके बाद लोगों ने उसे सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। डॉक्टर ने बताया- हार्ट अटैक की वजह से सचिन की मौत हुई है। सचिन अविवाहित था और उसकी दो बहनें हैं।

भीलवाड़ा: 14 दिन से गुलाबपुरा की फैक्ट्री में बंद था तेंदुआ, अब खुद पिंजरे में आया



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ाः जिले के गुलाबपुरा क्षेत्र की बंद फैक्ट्री से 14 दिन से कैद तेंदुआ आखिर रविवार को आखिर खुद चलकर पिंजरे में आ बैठा. वन विभाग की टीम ने पिंजरे में कैद तेंदुए को सोमवार को उदयपुर क्षेत्र में अरावली के टाटगढ़ इलाके के जंगलों में सुरक्षित छोड़ दिया. तेंदुए के पिंजरे में कैद होने से क्षेत्रवासियों और वन विभाग की टीम ने राहत की सांस ली. क्षेत्र में तेंदुए के मूवमेंट से आमजन में दहशत थी. वन विभाग की टीम भी निगरानी में लगी थी. भीलवाड़ा के उपवन संरक्षक गौरव गर्ग ने बताया कि 17 फरवरी को गुलाबपुरा क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बंद फैक्ट्री मे लैपर्ड दिखा था. उसके बाद लैपर्ड को रेस्क्यू करने के लिए विभाग ने पिंजरे लगवाए. रेंज के 15 वनकर्मियों को तैनात कर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए व दिन-रात इस पर नजर रखी गई. रविवार शाम लैपर्ड बिना ट्रेंकुलाइजर किए और बिना नुकसान पहुंचाये अपने आप पिंजरे में कैद हो गया, जहां उदयपुर से आई टीम ने लैपर्ड के स्वास्थ्य की जांच की. सोमवार को टाटगढ़ अरावली अभयारण्य में सुरक्षित छोड़ दिया. भीलवाड़ा डीएफओ ने कहा कि अगर किसी को वन्यजीव नजर आए तो उसका शिकार नहीं कर वन विभाग के टोल फ्री नंबर पर सूचना दें. हमारी टीम 30 मिनट में वहां पहुंच जाएगी.

महिला से लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

अजमेर की क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मोबाइल लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया पर्स और मोबाइल बरामद किया है। वारदात में उपयोग में ली गई बाइक को जब्त किया है। थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया- दाता नगर निवासी गायत्री खटीक ने थाने पर शिकायत दी थी। बताया था कि वह जेएलएन हॉस्पिटल में डेंटल ओपीडी में काम करती है। हॉस्पिटल से ड्यूटी करके अपने घर जा रही थी। रास्ते में पीछे से दो बदमाश आए और पर्स छीनकर भाग गए। पर्स में मोबाइल और कुछ नगदी रखी थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश दिए थे। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी चेक किए गए। मुखबीर को अलर्ट किया गया। इस बीच टीम ने कार्रवाई करते हुए नगरा निवासी विजय तेली (24) पुत्र हरनारायण तेली सहित राहुल सिंह चौहान (25) पुत्र चंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूट गया पर्स और मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया है। वारदात में उपयोग में ली गई बाइक भी जब्त की है।

CBI ने बजरी माफिया के खिलाफ जांच में असमर्थता जताई:हाईकोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर को पेश होने के लिए कहा; कोई प्रगति क्यों नहीं हुई



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान हाईकोर्ट ने सीबीआई डायरेक्टर को तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने सीबीआई डायरेक्टर को 17 मार्च को व्यक्तिगत रूप से अथवा वीसी के जरिए कोर्ट में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश प्रदेश में बजरी माफियाओं के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्ज मुकदमों में सीबीआई द्वारा जांच करने में असमर्थता जताने पर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा- सीबीआई डायरेक्टर पेश होकर कोर्ट को बताएं कि अदालती आदेश की पालना में इतना समय बीत जाने के बाद भी कोई प्रगति क्यों नहीं हुई।

दरअसल, हाईकोर्ट ने पिछले साल 16 अप्रैल को बूंदी सदर थाने में दर्ज मामले की जांच सीबीआई को ट्रांसफर करते हुए कहा था कि सीबीआई इस मामले के अलावा चंबल और बनास नदी क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े अन्य मामलों की संयुक्त जांच करें।

प्रदेश में अवैध बजरी के 416 मामले दर्ज

मामले में न्यायमित्र अधिवक्ता पुनीत सिंघवी ने कहा कि जब अदालत इस मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया था। उसके बाद अदालत के सामने आया कि प्रदेश के अलग-अलग थानों में बजरी माफिया और अवैध बजरी खनन के करीब 416 मामले दर्ज हैं। सीबीआई ने इतने सारे मामलों में जांच करने में असमर्थता जता दी थी। इस पर कोर्ट ने मौखिक रूप से सीबीआई को कुछ मामलों की संयुक्त जांच करने के लिए कहा था। कोर्ट के सामने आया कि सीबीआई ने फरवरी 2025 तक केवल बूंदी सदर थाने में दर्ज मामले के अलावा किसी अन्य मामले में कोई जांच नहीं की।

सीबीआई ने कहा- संसाधनों की कमी

इस पर कोर्ट ने जब नाराजगी जताई तो सीबीआई की ओर से कहा गया कि इन मामलों की संयुक्त जांच के लिए सीबीआई के पास पर्याप्त संसाधन नहीं है। इसके अलावा राज्य सरकार से भी उसे अपेक्षित सहयोग नहीं मिला है। ऐसे में वह इन मामलों की संतोषजनक जांच करने में असमर्थ हैं। सीबीआई की ओर से कहा गया कि किसी भी जांच के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है कि स्थानीय पुलिस से उसे नफरी उपलब्ध करवाई जाए। स्थानीय पुलिस से भी हमें कोई सहयोग नहीं मिला।

पुलिस, खान विभाग और बजरी माफिया की मिलीभगत

कोर्ट ने मामला सीबीआई को ट्रांसफर करते हुए कहा था कि राजस्थान में बजरी माफिया, पुलिस और खान विभाग की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। ऐसे में इन मामलों पर सरकार लगाम नहीं लगा सकती। इसलिए इस मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए।

IIT बाबा के खिलाफ जयपुर में मुकदमा दर्ज, तलाशी में पुलिस को मिला गांजा



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः महाकुंभ से चर्चा में आए आईआईटी (IIT) बाबा अब एक नए विवाद में घिर गए हैं. राजधानी जयपुर की शिप्रा पथ थाना पुलिस ने बाबा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस को बाबा के पास गांजा मिला है, जिसके आधार पर यह मुकदमा दर्ज किया गया है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बाबा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो पोस्ट कर पुलिस पर सख्ती करने का आरोप लगाया. इससे पहले उन्होंने पुलिस के सामने खुदकुशी करने की भी धमकी दी. फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है. शिप्रा पथ थानाधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि तलाशी में गांजा मिलने के बाद एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है. जांच जारी है. बता दें कि बाबा रिद्धि-सिद्धि चौराहे के पास एक होटल में ठहरे हुए थे.

जयपुर में सीनियर नर्सिंग ऑफिसर को महिला कर्मचारियों ने पीटा कहा- होटल और फ्लैट पर आने के लिए कहता है; जमकर जड़े थप्पड़



24 न्यूज अपडेट

एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट से एक शर्मनाक वीडियो सामने आया है। इसमें सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (SNO) महेश प्रसाद गुप्ता को महिला सुरक्षा गार्ड पीटती नजर आ रही हैं। महिलाएं आरोप लगा रही हैं कि एसएनओ बदसलूकी करता है। मामला सामने आने के बाद हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने जांच के लिए कमेटी बनाई है। साथ ही इस मामले में SNO के खिलाफ पुलिस में FIR दर्ज करवाने के निर्देश दिए है।

हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. संदीप जसूजा ने बताया- एक दिन पहले ही दो-तीन महिला स्टाफ कर्मचारियों (नर्सिंग, सुरक्षा गार्ड) ने शिकायत दी थी कि SNO महेश प्रसाद गुप्ता उनके साथ बदसलूकी करता है। होटल, फ्लैट पर आने के लिए कहता है। शिकायत करने पर उनको नौकरी से निकालने समेत और कार्रवाई की धमकी देता है।

कल कुछ महिला कर्मचारियों ने गुप्ता के इस हरकत से नाराज होकर पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। घटना की सूचना जब हमें मिली तो हमने सभी को पाबंद किया। इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया। इसमें नर्सिंग अधीक्षक शशिकांत शर्मा के अलावा दो डॉक्टर सुमन चौधरी और नवीन यादव को जांच के लिए नियुक्त करते हुए 3 दिन में इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है।

महिला सुरक्षा गार्ड ने जड़े थप्पड़

घटना रविवार की बताई जा रही है। यहां महिला सुरक्षा गार्ड और दूसरी महिला कर्मचारियों ने SNO को ऑफिस में पकड़ लिया था। धक्के मारते हुए हॉस्पिटल परिसर से बाहर ले आई। बाहर निकालने के बाद उसे पार्किंग परिसर में जबरदस्त पिटाई की। इस दौरान महिला सुरक्षा गार्ड ने SNO के गाल पर कई थप्पड़ भी जड़े।

सचिन पायलट ने साधा निशाना, बोले-भाजपा सरकार में सत्ता के कई केंद्र



24 न्यूज अपडेट

अजमेरः कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व टोंक से विधायक सचिन पायलट ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा. पायलट ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार में सत्ता के कई केंद्र बन गए हैं. भाजपा के आला नेतृत्व में भी खींचतान है. दिल्ली व जयपुर में सत्ता के कई केंद्र बनने का सीधा असर शासन-प्रशासन पर नजर आता है. इसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ता है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस मासबेस पार्टी है. सबको साथ लेकर चलती है. मजबूती के साथ जनता की आवाज सदन और सदन के बाहर उठाते हैं. इसका लाभ कांग्रेस को आगामी चुनाव में जरूर मिलेगा.

जयपुर से पाली जाते समय पायलट अजमेर में अशोक उद्यान के समीप हाईवे पर कुछ देर ठहरे थे. जयपुर से रवाना होने के बाद पायलट का बांदरसिंदरी, किशनगढ़ टोल, गगवाना व सुभाष उद्यान में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया.

बिजयनगर ब्लैकमेल कांड : मीडिया से बातचीत में पायलट ने कहा कि सवा साल से सरकार भाजपा की है. सत्ता में आने से पहले इतने दावे किए थे, जबकि असल में लॉ एंड ऑर्डर, महिला उत्पीड़न और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन अंकुश के लिए सरकार ने आश्वासन देने के सिवाय कुछ नहीं किया. पायलट ने आरोप लगाया कि सरकार की पुलिस व प्रशासन पर पकड़ नहीं है. सरकार की इच्छाशक्ति कमजोर है. प्राथमिकता बिल्कुल अलग है. समाज में बिजयनगर ब्लैकमेल जैसे प्रकरण सामने आते हैं. लोगों में काफी आक्रोश है. कांग्रेस ने विधानसभा के अंदर और बाहर इन मुद्दों को उठाया. सरकार के लचर रवैया का नतीजा है कि ऐसी घटना को अंजाम दिया जा रहा है. पुराने नेता नए नेताओं को पचा नहीं पा रहे है. पायलट ने कहा कि कांग्रेस को कोसना, पिछली सरकार को गाली देना और नेताओं को भला बुरा कहना, भाजपा को शोभा नहीं देता. उन्होंने पूछा कि राज्य सरकार ने सवा साल में क्या किया. कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद किया. नौकरियां, कानून व्यवस्था, महंगाई, निवेश मुद्दों पर केवल घोषणाएं ही हुई है. सरकार ने पहला वर्ष यूं ही गंवा दिया.

किरोड़ी प्रकरण पर कटाक्षः पायलट ने तंज कसा कि सरकार में कौन मंत्री है और कौन मंत्री नहीं है, यह किसी को पता नहीं है. ब्यूरोक्रेसी हावी है. डॉ. किरोड़ीलाल मीणा मंत्री है या नहीं, किसी को पता नहीं है. मीणा को ना मंत्री रखा जा रहा है और ना हटाया जा रहा है. किसी को मंत्री पद की शपथ दिलाई है तो काम कराएं या फ्री कर दें, लेकिन सरकार दोनों काम नहीं कर पा रही. उन्होंने कहा कि राजनीति में बहुत सोच समझकर शब्दों का प्रयोग करना चाहिए. विधानसभा में दिवंगत इंदिरा गांधी के लिए जैसी अनर्गल बातें बोली गई, वे अशोभनीय थी. यह बात केवल कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए है. हर व्यक्ति को सोच समझकर बोलना चाहिए. किसी के प्रति सम्मान नहीं जता सकते तो कम से कम ओछी भाषा तो ना बोलें.

सांवरा सेठ को चांदी के बैट, बॉल और स्टंप चढ़ाएः भक्त बोला- अटूट आस्था के कारण चढ़ावा चढ़ाया



24 न्यूज अपडेट

मेवाड़ के आराध्य देव श्री सांवलियाजी के प्रति लोगों की आस्था बढ़ती जा रही है। मन्नत पूरी होने पर यहां भक्त कई तरह के चढ़ावे चढ़ाते है। ऐसे ही एक भक्त ने अपनी अटूट आस्था के चलते सांवलियाजी को 162 ग्राम चांदी से बने बैट, बॉल और स्टंप भेंट किया।

भक्त का कहना है कि उन्होंने कोई मन्नत नहीं की, लेकिन अटूट आस्था के कारण यह चढ़ावा चढ़ाया है। मंदिर प्रभारी ने भक्त का उपरणा ओढ़ाकर और प्रसाद भेंट कर स्वागत किया।

9 मई को कॉन्टेस्ट में लिया था भाग

मंडफिया स्थित श्री सांवलिया जी मंदिर में लोग नए नए चढ़ावा चढ़ाते है। कोई अपनी मन्नत पूरी करने पर चढ़ावा चढ़ाता है तो कोई नए काम की शुरुआत करने पर चढ़ाते है। प्रतापगढ़ के इंद्रा कॉलोनी से आए एक भक्त नरेंद्र गंधर्व भी चांदी से बने एक बैट, एक बॉल और दो स्टांप लेकर रविवार शाम को सांवरा सेठ के दर पर पहुंचे। उन्होंने इसे भेंट कक्ष में दिया, जिसके बदले में मंदिर प्रभारी ने इसकी रसीद काटी और उनका स्वागत किया।नरेंद्र गंधर्व ने 9 मई 2024 को 2 कॉन्टेस्ट में भाग लिया था। भक्त नरेंद्र एक कॉन्टेस्ट में फर्स्ट रहे और इनाम के 40 हजार रुपए जीते। लेकिन दूसरे कॉन्टेस्ट में दूसरे स्थान पर रहकर 1 करोड़ रुपए उन्होंने जीते।

नर्सिंग, बीपीटी व एमएलटी कोर्सेज में अब NEET UG से होगा एडमिशन, 1 लाख आवेदक कैसे करेंगे एप्लाई ?



24 न्यूज अपडेट

कोटा : राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) और मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी (MMU) ने 28 फरवरी और 1 मार्च को अपने अधीन संचालित कॉलेजों के ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन प्रक्रिया में बदलाव करने का निर्णय लिया है. अब स्टेट लेवल पर आयोजित होने वाली परीक्षा को हटाकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित नीट यूजी (NEET UG) परीक्षा के स्कोर के आधार पर काउंसलिंग करवाई जाएगी.

अचानक लिया गया निर्णय छात्रों के लिए चुनौतीपूर्ण : एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि पहले स्टेट लेवल परीक्षा में करीब 1 लाख कैंडिडेट आवेदन करते थे. अब इन सभी छात्रों को मात्र 7 दिनों में आवेदन करना होगा, जो चुनौतीपूर्ण है. अब यह एक लाख कैंडिडेट 7 दिन में कैसे आवेदन कर पाएंगे और उन्हें इस नोटिफिकेशन के संबंध में सूचना भी पहुंची या नहीं, यह भी बड़ा सवाल है, क्योंकि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ने से पहले ही इनकार कर चुकी है. उन्होंने कहा कि RUHS और MMU को यह निर्णय नीट यूजी के आवेदन शुरू होने से पहले लेना चाहिए था, ताकि सभी छात्रों को इसकी जानकारी मिल पाती.

किन कोर्सेज में होगा प्रभाव ? : राजस्थान में बैचलर ऑफ नर्सिंग (B.Sc. Nursing), बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी (BPT), बैचलर ऑफ रेडिएशन टेक्नोलॉजी (BRT) और बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (B.Sc. MLT) में अब नीट यूजी परीक्षा के जरिए ही एडमिशन मिलेगा. फिलहाल, नीट यूजी के आवेदन की अंतिम तिथि 7 मार्च है. ऐसे में छात्रों को जल्द से जल्द आवेदन करने की सलाह दी गई है.

1 लाख कैंडिडेट लेते थे एग्जाम में भाग : बीएससी नर्सिंग, बीपीटी और पैरामेडिकल के कोर्सेज में राजस्थान में करीब 25 हजार के आसपास इन सीट्स में एडमिशन होते हैं. परीक्षा देने वाले कैंडिडेट्स करीब 1 लाख होते थे. इनमें से अकेले नर्सिंग की परीक्षा में ही 90 हजार कैंडिडेट आवेदन करते थे. इस पूरी परीक्षा में करीब 5 करोड़ से ज्यादा का खर्चा सरकार का होता था. ऐसे में यह खर्चा काफी हद तक काम हो जाएगा. दूसरी तरफ राजस्थान भी अन्य राज्यों की तरह काउंसलिंग कराकर एडमिशन दे सकेगा.

एकेडमिक रूप से क्या होगा फायदा ?

परीक्षार्थियों को नीट यूजी की तैयारी करने के लिए 2 महीने का समय मिलेगा.

इन कोर्स में एडमिशन लेने के लिए अधिकांश में 12वीं पास चाहिए, हाल ही में बच्चे परीक्षा देंगे और इस कोर्स के जरिए नीट यूजी की परीक्षा होगी.

उन्हें इन कोर्सेस में एडमिशन के लिए कोई दूसरा एग्जाम नहीं देना होगा.

नीट के लिए पहले ही आवेदन करने वाले इन कैंडीडेट्स की एडिशनल फीस भी बच जाएगी.

कॉलेज में फिलहाल इन कोर्सेस में सेशन देरी से चल रहा है, अब नीट यूजी के जरिए काउंसलिंग में सेशन भी समय से होगा.

सरिस्का टाइगर रिजर्वः वन मंत्री बोले-बाघों की सलामती के लिए गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया होगी तेज



24 न्यूज अपडेट

अलवरः सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों की सलामती के लिए सरिस्का व आसपास बसे गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी. इसके लिए वन विभाग ग्रामीणों की सहमति के आधार पर भूमि का सर्वे कर चिह्नित करेगा. सरिस्का में गांवों के विस्थापन की गति धीमी चल रही है. इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक दशक से ज्यादा समय बाद भी यहां कोर एरिया में बसे 10 गांवों में से अभी 5 गांवों का ही विस्थापन हो पाया है, जबकि सरिस्का एवं आसपास बसे 29 गांवों का विस्थापन करने का लक्ष्य है. सरिस्का में गत 17 सालों में बाघों की संख्या बढ़कर 43 तक पहुंच चुकी है, इनमें एक बाघ को रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में भेज दिया गया. अब सरिस्का में 42 बाघ है, यानी सरिस्का में बाघों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. अकेले वर्ष 2024 में सरिस्का टाइगर रिजर्व को 13 नए शावक मिले. इसके साथ ही सरिस्का में बघेरों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है. अभयारण्य में बाघ एवं बघेरों की आबादी तो बढ़ गई, लेकिन उस अनुपात में जंगल के क्षेत्रफल में बढ़ोतरी नहीं हुई है. इसके साथ ही सरिस्का में बसे गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया इतनी धीमी रही कि बढ़ते बाघ- बघेरों के विचरण के लिए जंगल कम पड़ने लगा है. इसी का नतीजा है कि पिछले दिनों में सरिस्का के कई बाघ बाहर निकलकर जयपुर ग्रामीण, दौसा जिले के बांदीकुई, हरियाणा के रेवाड़ी के जंगलों तक पहुंच चुके हैं.

सड़क हादसे में आर्मी जवान ने दम तोड़ा, कुछ दिन पहले ही बड़े भाई की मौत हुई थी



24 न्यूज अपडेट

चूरूः रामगढ़ शेखावाटी के गरंडवा गांव में एक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा. यहां एक ही सप्ताह में परिवार के दो भाइयों की अलग अलग सड़क हादसे में मौत हो गई. 26 फरवरी को बड़े भाई की हादसे में मौत हो गई, जबकि छोटे भाई की सोमवार को जिले के घंटेल गांव के पास एक अन्य सड़क हादसे में मौत हो गई. मृतक रामगढ़ शेखावाटी के गांव गरंडवा का धर्मेंद्र सिंह(30) था. वह कश्मीर के डोडा में 10 आर आर बटालियन में तैनात था. गत 26 फरवरी को उसके बड़े भाई की भी हादसे में मौत हो गई थी और 28 फरवरी को ही वह अपने गांव छुट्टी पर आया था.

सदर थाने के थानाधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि घन्टेल गांव के पास अचानक सड़क पर नीलगाय आने से धर्मेंद्र की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा भानुप्रताप सिंह गम्भीर घायल हो गया. वह ससुराल से अपने गांव आ रहा था. पुलिस ने मृतक के शव को राजकीय भरतिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया. गंभीर घायल भानुप्रताप को हायर सेंटर रेफर किया गया. वहां उसका इलाज चल रहा है.

होली पर रेलवे की विशेष सौगातः स्पेशल ट्रेनों की घोषणा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर से मुंबई, गुजरात, दिल्ली, उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों के लिए विशेष सुविधा होली और गर्मी की छुट्टियों को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने कई शहरों के लिए स्पेशल ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। इन ट्रेनों में एसी, स्लीपर और सामान्य कोच की सुविधा दी जाएगी। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण का बयानः "होली और गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा खातीपुरा (जयपुर) से कई शहरों के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।"

स्पेशल ट्रेनों का विवरणः

1. गोरखपुर - खातीपुरा (जयपुर) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्याः 05023/05024 यात्रा अवधिः 2 मार्च - 30 मार्च 2025 फ्रीक्वेंसीः हर रविवार (गोरखपुर से) और हर सोमवार (खातीपुरा से) स्टेशनः खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढवल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, गुड़गांव, अलवर आदि।

2. वलसाड - खातीपुरा (जयपुर) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्याः 09007/09008 यात्रा अवधिः 6 मार्च - 27 मार्च 2025 फ्रीक्वेंसीः हर गुरुवार (वलसाड से) और हर शुक्रवार (खातीपुरा से) स्टेशनः उधना, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़ आदि।

3. बांद्रा टर्मिनस - बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्याः 09035/09036 यात्रा अवधिः 5 मार्च - 26 मार्च 2025 फ्रीक्वेंसीः हर बुधवार (बांद्रा टर्मिनस से) और हर गुरुवार (बीकानेर से) स्टेशनः बोरीवली, वापी, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पाटन, जोधपुर, नागौर, नोखा आदि।


4. मुंबई सेंट्रल - खातीपुरा (जयपुर) त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्याः 09001/09002 यात्रा अवधिः 3 मार्च - 29 मार्च 2025 फ्रीक्वेंसीः हर सोमवार, बुधवार और शनिवार (मुंबई से) और हर मंगलवार, गुरुवार, रविवार (खातीपुरा से) स्टेशनः बोरीवली, वापी, वडोदरा, पालनपुर, आबूरोड, अजमेर, जयपुर आदि।

5. उदयपुर सिटी - खजुराहो साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्याः 09621/09622 यात्रा अवधिः 4 मार्च - 25 मार्च 2025 फ्रीक्वेंसीः हर मंगलवार (उदयपुर से) और हर बुधवार (खजुराहो से) स्टेशनः चित्तौड़गढ़, मंदसौर, उज्जैन, भोपाल, बीना, कटनी, सतना, चित्रकूटधाम कर्वी, महोबा आदि।

यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारीः सभी ट्रेनें रिजर्वेशन आधारित होंगी। बुकिंग आईआरसीटीसी वेबसाइट और रेलवे काउंटर पर उपलब्ध। एडवांस टिकट बुकिंग की सलाह दी जाती है।

रेलवे की इस विशेष सुविधा से यात्रियों को त्योहार और छुट्टियों के दौरान सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा।

धीनवा टोल पर पैसे के विवाद को लेकर हुई तोड़फोड़ में दो आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। शुक्रवार शाम को निंबाहेड़ा उदयपुर स्टेट हाईवे पर धीनवा टोल नाके पर पैसों के विवाद को लेकर हुई तोड़फोड़ व हमले में पुलिस ने हमलावर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोंनो आरोपियों में से गिरफ्तार एक आरोपी दिनेश माली निंबाहेड़ा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोपियों को गिरफ्तार करने आई पुलिस को देखकर भागते समय एचएस दिनेश माली का गिरकर पैर फ्रैक्चर हुआ। घटना के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि गत शुक्रवार को शाम के समय निंबाहेड़ा उदयपुर स्टेट हाईवे पर धीनवा टोल प्लाजा पर कुछ लोगों ने पैसों की विवाद को लेकर कर्मचारियों पर सरियों व लाठियों से हमला किया एवं केबिन व सर्वर रूम में तोड़फोड़ की। टोल कर्मी कमल सिंह की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच की गई। एएसपी सरिता सिंह व डीएसपी निंबाहेड़ा बद्री लाल राव के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कोतवाली निंबाहेड़ा राम सुमेर मीणा पुलिस निरीक्षक को जांच सौंपी गई। जिन्हें टोल टेक्स पर मारपीट व तोड फोड कर सरकारी सम्पति को नुकसान पहुचाने वाले बदमाशो तुरन्त गिरफतार करने निर्देश दिये गये। अनुसंधान अधिकारी थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर पु.नि. द्वारा कोतवाली निम्बाहेड़ा के सूरज कुमार सहायक उप निरीक्षक मय हैड कानि. हरविन्द्र सिंह, कानिटेबल रणजीत, जगदीश, हेमन्त, रामकेश, शिशपाल, ज्ञानप्रकाश, सुमित व साइबर सेल के कानि. रामावतार, रामनरेश, मनीष व राजेश की टीम गठित की गई। उक्त टीम द्वारा आसूचना संकलन की गई व मौतबिरान से लगातार सम्पर्क किया गया। आरोपी अपने आप को बचाने के लिये अपने सेलफोन बंद करके खेतो मे भाग जाने की सूचना टीम को प्राप्त हुई। पुलिस ने आस पास के खेतो मे जाकर आरोपियों की तलाश की तो आरोपी नया बाजार निम्बाहेड़ा निवासी 24 वर्षीय संजय माली उर्फ सन्जु बाबा पुत्र गोपाल माली व इंद्रा कॉलोनी निम्बाहेड़ा निवासी 30 वर्षीय दिनेश पुत्र कन्हैयालाल माली दोनो सेगवा मे खेतो मे छुपे हुये थे, जिनको पुलिस के आने की भनक लगी तो भागने लगे। टीम ने अथक प्रयास करके आरोपियों को पकडा, जिसमें एचएस दिनेश माली के भागते समय पैर में फ्रैक्चर आ गया। उक्त आरोपी दिनेश पुत्र कन्हैयालाल माली थाने का हिस्ट्रीशीटर होकर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, लुट, डकेती, फिरोती मांगने के जघन्य अपराधो मे दर्जन भर से अधिक प्रकरण दर्ज है। आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय मे पेश किया जहा से पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त कर अनुसंधान किया जा रहा है। मामले मे अन्य आरोपियों की गिरफतारी हेतु अलग-अलग टीमे गठीत कर रवाना कर दी गई है।

आचार्य तुलसी बहुउद्देशीय फाउंडेशन द्वारा 7 वा देहदान



24 न्यूज अपडेट

समाज के लिए प्रेरणा भरा सवार भी है कि स्वर्गीय पटेल हरिराम जी (गोमाना) वाले के जेष्ठ पुत्र विक्रम अंजना के पिताश्री श्रीमान पृथ्वीराज आंजना जी का देहावसान हो गया जिनकी पार्थिव देह का देहदान परिवार की सहमति से दो वर्ष पूर्व आचार्य तुलसी बहुउद्देशीय फाउंडेशन द्वारा संकल्प पत्र भरा गया जो आज उनके देहावसान होने पर ।ज्ठथ् के संस्थापक सुनील ढीलीवाल के चित्तौड़ से निंबाहेड़ा पहुंचने पर देह परिवार द्वारा ढीलीवाल ओर टीम को सुपुर्द की गई जिसे एंबुलेंस द्वारा चित्तौड़ ले जाया गया ओर संस्था द्वारा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी डिपार्टमेंट के हेड डॉ प्रवीण को सुपुर्द किया गया और पौत्र अभिमन्यु को प्रशंसा पत्र दिया गया। यह ।ज्ठथ् द्वारा 7 वि देह सेवार्थ सुपुर्द की गई।देहदानी पृथ्वीराज आंजना ओर समस्त परिवार को ।ज्ठथ् परिवार द्वारा हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। परिवार ने पीड़ित मानव सेवार्थ उनकी भावना के अनुरूप निर्णय लिया व देह को राष्ट्रीय मानवीय सेवा हेतु देने का निर्णय लिया गया इसके लिए समस्त आंजना परिवार प्रशंसा के पात्र है।

13वें श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति संरक्षण पुरस्कार - 2025

डॉ. कमलेश शर्मा को मिला पीपल एंड नेचर सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 03 फरवरी। बाघ संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत रणथंभौर की विश्व प्रसिद्ध संस्थाटाइगर वॉच की ओर से वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति वन्यजीव संरक्षण पुरस्कारों के तहत पर्यावरणीय विषयों पर लेखन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के माध्यम से पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में जनजागरूकता पैदा करने के लिए पुलिस मुख्यालय में कार्यरत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर व लेखक डॉ. कमलेश शर्मा को पीपल एंड नेचर" सर्विसेज टू वाइल्डलाइफ अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बांसवाड़ा जिले के बड़ोदिया कस्बे के मूल निवासी डॉ. कमलेश शर्मा को यह अवार्ड सवाई माधोपुर के फतेह पब्लिक स्कूल में आयोजित 13वें श्री फतेहसिंह राठौड़ स्मृति व्याख्यान एवं संरक्षण पुरस्कार - 2025 समारोह में उनके पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दीर्घकालिक समर्पण व स्वस्फूर्त प्रयासों के लिए दिया गया। अतिथियों ने पुरस्कार के तहत डॉ. शर्मा को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और 21 हजार रुपयों का चैक प्रदान किया गया। कार्यक्रम दौरान टाइगर वॉच के ख्यातिप्राप्त जीव विज्ञानी डॉ. धर्मेंद्र खांडल ने सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों के बारे में जानकारी दी और इनके द्वारा पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के बारे में बताया। कार्यक्रम में राजस्थान के हैड ऑफ फॉरेस्ट फोर्स (हॉफ) अरिजीत बनर्जी, महाराष्ट्र के रिटायर्ड पीसीसीएफ और पर्यावरणीय विषयों के जानकार सुनील लिमये, सरिस्का के फिल्ड डायरेक्टर अनूप के राघवन आदि बतौर अतिथि मौजूद थे। इस अवसर पर ख्यातनाम वन्यजीव व पक्षी विशेषज्ञ हर्षवर्धन,पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. सतीश शर्मा, वरिष्ठ मीडियाकर्मी अरविंद चोटिया सहित देशभर के पर्यावरणप्रेमी मौजूद रहे।

स्वार्थ रहित समाज सेवा बडी चुनौती, कार्यकर्ता तन-मन से आगे बढते रहेः पांडे



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह और पहला कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को रेती स्टैंड स्थित किसान भवन में आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉक्टर विनोद पांडे ने कहा कि स्वार्थ रहित होकर समाजसेवा करना आज बहुत बडी चुनौती बन गया है और ऐसे में एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के कार्यकर्ता उदयपुर में समाजसेवा के उदाहरण बन गए हैं। बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान का मिशन लेकर चल रहे इस संगठन के संस्थापक आकाश बागडी की बेटी का पंद्रह दिन पूर्व ही निधन हुआ है इसके बावजूद वे और उनकी टीम अपने मिशन में वापस लग गए हैं। डॉ पांडे ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे चुनौतियों की परवाह किए बिना आगे बढते रहे। विशेष अतिथि समाजसेवी निर्मल कुमार पंडित ने कहा कि समाजसेवा के काम में कई तरह की आलोचना और आरोप भी सहन करने पडते हैं, लेकिन जो इनको इग्नोर कर देता है वो ही आगे बढ कर सच्ची समाज सेवा कर सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे तन-मन के साथ संगठन की गतिविधियों को आगे बढाते रहे जिससे उदयपुर का भी विकास हो और जिन लोगों को वास्तव में सहायता की जरुरत है वो उनको मिल सके। प्रारंभ में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने कार्यकर्ताओं व अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन का यह साल है और इस दौरान शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण व बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के विभिन्न कार्य हाथ में लेकर उन्हें पूरा किया गया है। संगठन की ओर से 17 मई को सर्वसमाज का पहला सामूहिक विवाह समारोह करवाया जा रहा है जो पूरी तरह निशुल्क होगा। इस विवाह समारोह में न दहेज लिया जाएगा और न ही दिया जाएगा। इसके अलावा बेटी बचाओ मुहिम को और आगे ले जाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताया और कहा कि उनकी मेहनत से ही समाजसेवा के बडे काम पूरे किए जा रहे हैं। संगठन 11बेटियों को गोद लेकर उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी पूरी कर रहा है और गांवों में शिक्षा किट का वितरण भी किया जा रहा है। समारोह में संगठन से नए जुडे कार्यकर्ता बजरंग सेना मेवाड के दीपक मेनारिया, संतोष तंवर, ज्योति सोनी, कौशल्या सालवी, जाह्नवी जोशी, किरण मेहता व गायत्री साहू का उपरना ओढा कर व एकलिंगजी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एंकर माधुरी शर्मा ने किया।

बाल साहित्य लेखन के क्षेत्र में विमला भंडारी को साहित्य विभूषण सम्मान 2025



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 03 मार्च। डॉ. विमला भंडारी को उनके समग्र बाल साहित्य लेखन के श्रेष्ठ अवदान के लिए सियाराम अवस्थी साहित्य विभूषण सम्मान 2025 से नवाजा गया। बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स की ओर से प्रतिवर्ष साहित्यकारों को सम्मानित करने के क्रम में द्वारा दिल्ली के मयूर विहार स्थित क्राउन प्लाजा होटल में आयोजित समारोह में यह सम्मान दिया गया। समारोह में देश के जानेमाने साहित्यकार चित्रा मुद्गल, राहुल देव, डॉ. सी पी देवल, प्रकाश मनु, प्रेम जनमेजय, डॉ. संजीव कुमार, दिविक रमेश, मनोरमा उपस्थित रहे।

अब तक 40 से अधिक पुस्तकों की रचना कर चुकी डॉ. विमला भंडारी को साहित्य अकादमी दिल्ली, राजस्थान साहित्य अकादमी, मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य संस्कृति परिषद और राजस्थानी भाषा साहित्य संस्कृति अकादमी से कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। अपने लेखन के लिए अब तक 50 से अधिक पुरस्कार और सम्मान से पाने वाली विमला भंडारी 15 वर्षों से अखिल भारतीय स्तर पर बाल साहित्यकार सम्मेलन आयोजित करवा रही है। वे सलिल प्रवाह वार्षिकी की मुख्य संपादक है। श्रेष्ठ लेखन और तीस वर्षो से स्थापित साहित्यिक संस्था सलिला, सलूम्बर की अध्यक्ष और संस्थापिका है।

राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ कर रही राजसमंद संसदीय क्षेत्र का लगातार दौराः स्कूलों में विद्यार्थियों से संवाद, धार्मिक स्थल पर दर्शन और विकास कार्यों का उद्घाटन



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद, 3 मार्च 2025: राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने आज अपने दौरे के दौरान राजसमंद विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा बनते हुए लोगों से मुलाकात की और कई विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

सांसद महिमा कुमारी ने सबसे पहले *राम कथा* में भाग लिया, जो *लावा सरदारगढ़* में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने संतों से आशीर्वाद लिया और राम कथा श्रवण किया। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों से धर्म, संस्कृति और सेवा की भावना को बढ़ावा देने की अपील की।

इसके बाद, सांसद महिमा कुमारी ने *राजकीय माध्यमिक विद्यालय कुवारिया* का दौरा किया। यहां उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें अपने जड़ों से जुड़ने का महत्व समझाया। सांसद महिमा कुमारी ने विद्यार्थियों से कहा कि "आपका शिक्षा जीवन और संस्कार आपकी जड़ों से जुड़ा होना चाहिए। जीवन में सफलता पाने के लिए अपने मूल्यों और संस्कृति को समझना और अपनाना बहुत जरूरी है।"

इसके पहले, सांसद ने विद्यालय परिसर का दौरा किया, जहां *पहल संस्थान* और विद्यालय प्रबंधन ने दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के कमरों में आवश्यक उपकरणों की स्थापना की गई थी। इस आयोजन में सांसद ने पहल फाउंडेशन और दानदाताओं की सराहना की और भविष्य में और अधिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

विद्यालय कार्यक्रम के बाद, महिमा कुमारी मेवाड़ ने *चारभुजा मंदिर (कुंवारिया)* में दर्शन किए और *चारभुजा जी* से आशीर्वाद लिया। उन्होंने मंदिर में प्रार्थना की और क्षेत्रवासियों के लिए सुख-शांति की कामना की।

इसके बाद, उन्होंने *हनुमान मंदिर (कुंवारिया)* का दौरा किया, जहां उन्होंने *बजरंगबली* से आशीर्वाद प्राप्त किया और मंदिर परिसर में स्थित *गौशाला* का निरीक्षण किया।

इसके बाद, महिमा कुमारी मेवाड़ ने *जुणदा खेड़ी* में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने *कक्षा कक्षों के निर्माण, **विज्ञान प्रयोगशाला, **स्नानघर, **शौचालय, **शमशान घाट, **ट्यूबवेल* और *सारायनिर्माण* जैसे कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय लोग उपस्थित थे।

सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने अपने भाषण में कहा, "हमारे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारे क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर चल रहे हैं और हम लगातार अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। इन कार्यों से लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और यह क्षेत्र समृद्ध होगा।"

महिमा कुमारी मेवाड़ के लगातार दौरे से राजसमंद क्षेत्र में विकास कार्यों की गति तेज हो रही है और स्थानीय लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।

श्रीयादे मंदिर दरौली पर ध्वजा और मेला 3 अप्रैल को



24 न्यूज अपडेट

मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड़ चौखले की मासिक बैठक दिनांक 2 मार्च 2025 रविवार को दरौली स्थित मां श्रीयादे मंदिर परिसर में आयोजित हुई ।बैठक की अध्यक्षता चोखला अध्यक्ष गणेश लाल प्रजापत घासा ने की । उन्होंने बताया कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । उन्होंने यह भी बताया कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह समाज में अपना प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से योगदान जरुर देना चाहिए।महामंत्री लक्ष्मी लाल प्रजापत सांगवा ने बताया कि आगामी 3 अप्रैल 2025 को मां श्रीयादे का पाटोत्सव एवं मंदिर प्रांगण में मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। साथ ही मई माह में आयोजित वार्षिक बैठक में रचनात्मक सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। संयुक्त महामंत्री डीसी प्रजापत विठोली ने बताया कि हाल ही में धर्मशाला निर्माण, टेलीफोन डायरेक्टरी प्रकाशन व मॉ श्रीयादे जन्मोत्सव मनाने का समस्त आय व्यय का ब्यौरा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया व समाज द्वारा अनुमोदन किया गया। सचिव प्रकाश प्रजापत भटेवर ने बताया कि शेष रहे भामाशाहों का सम्मान भी पाटोत्सव के दिन किया जाएगा। सह सचिव कालू प्रजापत ने बताया कि श्रीयादे मंदिर परिसर में सभी प्रकार की बिजली व्यवस्था से संबंधित व मरम्मत करने का प्रस्ताव सर्व समिति से लिया गया। कोषाध्यक्ष रामलाल दरौली ने बताया कि बैठक का स्नेहभोज सुरेशचंद्र, चांदमल घासा की तरफ से था, बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व चोखला अध्यक्ष देवीलाल सराय, विशिष्ट अतिथि पूर्व चोखला अध्यक्ष रूपलाल प्रजापत साकरोदा थे। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेमलाल माल की टूस, उदय लाल खेड़ी दलाजी , मांगीलाल इन्टाली मांगीलाल सांगवा ,दीपचंद घासा ,अंबालाल, भेरूलाल, शंकरलाल ,नवानिया ,, सोहनलाल सराय भेरूलाल,शंकर लाल रामलाल बागथल ,बाबूलाल इन्टाली ,सोहनलाल विठोली , उदयलाल,पन्नालाल भटेवर धनराज सराय ,पूर्व सचिव खेमराज, भगवानलाल सराय ,नाथू लाल, मांगीलाल खेड़ी , हीरालाल मोडी, कन्नाजी दरौली सहित सैकड़ो समाज जन उपस्थित थे।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।